चेक लिस्ट क्रमांक-8



## प्रस्ताव का विस्तृत विवरण

**मेसर्स बी.एस. स्पंज प्रा. लि. ग्राम तराईमाल, ब्लाक तमनार जिला रायगढ़ द्वारा देवनमुण्डा नाला से निकट स्थापित स्पंज आयरन प्लांट हेतु पानी सप्लाई के लिए लगभग 942.52 मीटर पाइप लाइन बिछाने हेतु कुल 0.144 हे. वनभूमि के व्यपवर्तन का प्रस्ताव।**

यह प्रस्ताव 0.144 हे. वनभूमि के व्यपवर्तन का है जो कि मेसर्स बी.एस. स्पंज प्रा. लि. ग्राम तराईमाल, ब्लाक तमनार जिला रायगढ़ द्वारा देवनमुण्डा नाला के नैसर्गिक स्त्रोत से पानी ले जाने हेतु लगभग 1 कि.मी. पाइप लाइन बिछाने हेतु है। उक्त पानी का उपयोग निकट में स्थापित स्पंज आयरन प्लांट में किया जावेगा।

केन्द्र शासन द्वारा भूमि के नीचे पानी (Under Ground Water) के उपयोग पर रोक के कारण छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा अपने पत्र क्रमांक (पृष्ठांकित) 4246/एफ 4-145 (एस. 2/31/औ.ज.प्र./09 नवा रायपुर दिनांक 11.10.2021 द्वारा देवनमुण्डा नाला के नैसर्गिक स्त्रोत से पानी के उपयोग की स्वीकृति प्रदान की गई है। देवनमुण्डा नाला से प्लांट तक पानी ले जाने लगभग 1 कि.मी. पाइप लाइन बिछाने की आवश्यकता होगी। इस नाले की भौगोलिक स्थिति ऐसी है, कि पाइप लाइन ले जाने हेतु वनभूमि के अतिरिक्त अन्य कोई रास्ता नहीं है। इसलिए पाइप लाइन बिछाने हेतु न्यूनतम वन भूमि के व्यपवर्तन का प्रस्ताव दिया गया है। इसके अतिरिक्त दो अन्य जगहों से पाइप लाइन ले जाने हेतु सर्वे कराया गया है, जिसमें और अधिक वनभूमि की आवश्यकता होगी, एवं पाइप लाइन बिछाने का खर्च भी अत्यधिक होगा। वनभूमि की आवश्यकता का तुलनात्मक विवरण निम्न है:-

# Statement of Area for Pipe Line

**Name of Division- Raigarh**

**Range- Tamnar**

**Village Name – Jamdabri**

| S.No. | Route | LAND TYPE | DESCRIPTION | COMP NO | Width (In Meter) | Length (In Meter) | AREA (In Hec) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Proposed Route | RESERVE FOREST | Water Pipe Line | 833 | 1.5 | 761.490 | 0.117 |
| 2 | | | | 835 | | 181.026 | 0.025 |
| 3 | | | Pump House | 833 | - | - | 0.002 |
| Proposed DGPS Survey | | | | | | 942.516 | 0.144 |
| 1 | Alternate Route -I | RESERVE FOREST | Alternate Way I | 833 | 1.5 | 1040.651 | 0.156 |
| 2 | | | | 835 | | 151.330 | 0.023 |
| TOTAL (Alternate Way I) | | | | | | 1191.981 | 0.179 |
| 1 | Alternate Route -II | RESERVE FOREST | Alternate Way II | 831 | 1.5 | 836.093 | 0.125 |
| 2 | | | | 833 | | 38.062 | 0.006 |
| 3 | | | | 835 | | 536.405 | 0.081 |
| TOTAL (Alternate Way II) | | | | | | 1410.560 | 0.212 |

इस प्रकार न्यूनतम वन भूमि व्यपवर्तन का प्रस्ताव दिया गया है।

अतिरिक्त जानकारी :—

(अ) रजिट्रेशन फीस :— रजिट्रेशन फीस रुपये 6000/— ड्राफ्ट नम्बर 1899 दिनांक 10.01.2022 एवं प्रोसेसिंग फीस रुपये 29000/— ड्राफ्ट नम्बर 1900 दिनांक 12.01.2022 को वनमण्डल रायगढ़ कार्यालय में जमा किया जा चुका है।

(ब) **Justification for locating the project in Forest land and non-avoidance of forest land for present proposal** :— देवनमुण्डा नाला के नैसर्गिक जल को प्लांट तक ले जाने हेतु लगभग 1 कि.मी. पाइप लाइन बिछानी पड़ेगी जिसके लिए केवल 0.144 हे. वनभूमि जो आरक्षित वन कक्ष कमांक आर.एफ. 883 एवं 835 के व्यपवर्तन की आवश्यकता होगी। देवनमुण्डा नाले की भौगोलिक स्थिति ऐसी है, कि पाइप लाइन ले जाने हेतु वनभूमि के अतिक्ति अन्य कोई रास्ता नही है। अन्य रास्तों से पाइप लाइन ले जाने हेतु अधिक वनभूमि की आवश्यकता

पड़ेगी। प्रस्तावित पाइप लाइन ही सबसे उचित मार्ग है, जिसमें न्यूनतम वनभूमि की आवश्यकता होगी।

(स) वनमण्डलाधिकारी द्वारा सत्यापित **DGPS** रिपोर्ट :– छत्तीसगढ़ शासन माइनिंग विभाग में इमपेनल (Empanel) मेसर्स कम्प्यूटर प्लस (साफट्वेयर डेवलपमेन्ट कंसलटेंन्सी) रायपुर द्वारा DGPS सर्वे कराकर वनमण्डलाधिकारी रायगढ़ से सत्यापित कराकर प्रस्तुत है। (संलग्न DGPS सर्वे रिपोर्ट)

(द) **FRA** सर्टिफिकेट :– कलेक्टर रायगढ़ से FRA सर्टिफिकेट प्राप्त कर आवेदन के साथ संलग्न है।

(य) **Total land schedule of Proposal of the Diversion of 0.144 hect. forest land is given below :-** मेसर्स बी.एस. स्पंज प्रा.लि. के स्पंज आयरन प्लांट हेतु देवनमुण्डा नाला से प्लांट तक पानी ले जाने हेतु लगभग 1 कि.मी. पाइप लाइन बिछाने हेतु आवश्यक वनभूमि का विवरण निम्नानुसार है :–

| अ.क. | कार्य का विवरण | वनमण्डल का नाम | परिक्षेत्र का नाम | ग्राम | वनभूमि का प्रकार | कक्ष कमांक | क्षेत्रफल हे. में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पम्प हाउस | रायगढ़ | तमनार | जामडबरी | आरक्षित वन | 833 | 0.002 |
| 2 | पाइपलाइन | रायगढ़ | तमनार | जामडबरी | आरक्षित वन | 833 | 0.117 |
| | | | | | | 835 | 0.025 |
| | | | | | | योग | 0.144 |

(बी. पटनायक)
जनरल मैनेजर (प्रशासन)
मेसर्स बी.एस. स्पंज प्रा. लि.
रायगढ़ (छ.ग.)